# न्यायालय–अवर न्यायाधीश प्रथम, डुमरॉव

**फाईनल डिक्री –4/2024**

सोनु कुमार–............................आवेदक

बनाम्

अरूण दूबे वगै0........................ प्रतिवादीगण

## आदेश

**12.09.2024**

वादी की हाजिरी है। पुकार पर वादी के विद्वान अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित हुए तथा अनुरोध करते हैं कि स्वत्व वाद सं0–297/2008 बंटवारा के लिए रामेश्वर दूबे ने दाखिल किया था जिसमें आवेदकगण के पिता टाटा में रहते थे तथा उनके विरूद्ध उक्त वाद में एकपक्षीय एवं डिक्री तैयार हुआ। इन तथ्यों की जानकारी आवेदकगण को नहीं हुई। आवेदक के विद्वान अधिवक्ता अनुरोध करते हैं कि सुनवाई हेतू इस वाद को ग्रहण किया जाए।

सुना तथा अभिलेख का अवलोकन किया। सिरिस्तेदार का प्रतिवेदन प्राप्त है। न्यायहित में इस वाद को सुनवाई हेतू ग्रहण किया जाता है। आवेदक प्रतिवादीगण की उपस्थिति हेतू आवश्यक अपेक्षिकाएं दाखिल करे तत्पश्चात् कार्यालय नोटिस निर्गत करे। कार्यालय मूल अभिलेख स्वत्व वाद सं0–297/2008 संलग्न करे।

दिनांक–29.10.2024 वास्ते उपस्थिति।

लेखापित

प्रभारी सब जज प्रथम, डुमरॉव ।